DAINIK BHASKAR, Surat, 9.8.2024
Page No. 2, Size:(5.54)cms X (8.59)cms.

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट

हाई स्पीड बुलेट रेल कॉरिडोर पर 200 किमी वायाडक्ट बनाने का काम पूरा

सूरत | 508 किमी लंबे अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड बुलेट रेल कॉरिडोर का निर्माण तेज रफ्तार से चल रहा है। 31 जुलाई तक हुए काम की रिपोर्ट के अनुसार हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के 200 किमी रूट पर सेंगमेट गर्डर लॉन्च कर वायाडक्ट बनाने का काम पूरा कर लिया गया है। रेल मंत्रालय ने 200 किमी का कार्य पूरा होने पर इसे बड़ा माइल स्टोन बताया है। उल्लेखनीय है कि साल 2026 के अंत तक हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर सूरत से बिलीमोरा के बीच बुलेट ट्रेन का ट्रायल किया जाना है। इसे लेकर सिविल निर्माण कार्य में तेजी देखी जा रही है। अब तक 200 किमी रूट पर गार्डर लॉन्च हो चुके हैं। यही नहीं 324 किमी रूट में पिलर और 341 किमी में फाउंडेशन तैयार हो चुके हैं।